नारद आइ छंडाय। भयौ प्रहलाद पुत्र तस॥
तिहि जननी संग्रहन। सुने उर मद्धि रष्षि गस॥
मघवान सहित दिगपाल दस। मात वयर कज भंजि जिम॥
सुरतान कहत चहुआन भर। हौं पनि गजहु अब्ब इम॥ छं०॥ ५७॥
थान थानं फुरमान। फट्टि बंधन हिंदू दिय॥
विधिना सो निम्मयौ। मेटि संकै न दियौ दिय॥
इला नाम धरि हियं। मेछ षुरसानह जोरिय॥
ज्यों बराम उच्चरै। सेन वीरन गढ़ तोरिय॥
हक हलाल बोलै न मुष। काफर एधर बर भई॥
दह बड़े हूर हम साहि कर। तो सलाम कर सुभ्भई॥ छं०॥ ५८॥

तत्तार खां का शाह की आज्ञा मान कर मदद के लिये फरमान भेजना।

दिष ततार दह करि। सलाम उच्चार वरज्जिय॥
रहि न बोल ज्यों साहि। दिया उच्चार जु हक्किय॥
षां ततार वरजे निसान। आसन उर पानं॥
जु कछु मत्त मत्तियै। हुकम दीना सुरतानं॥
मक्का मुकाम पीरान की। करिव आन बल बंधियै॥
मादरं पिदर मानें न दर। निमक हलाल न संधियै॥ छं०॥ ५९॥

दूहा॥ थान थान फुरमान फटि। बंधन हिंदु नरिंद॥
दै दुबाह सों निम्मयौ। को कहै कविचंद॥ छं०॥ ६०॥
कोक कहै विधिना लिषी। आज साह दल तेज॥
मानों सात समुंद ने। तज्जि मजाद अमेज॥ छं०॥ ६१॥
मरजादा सत्तों समुद। अमित उलंघी आज॥
मानों घन के देव दुति। नाग विरोधन पाज॥ छं०॥ ६२॥

शहाबुद्दीन की दृढ़ता का बखान।

कवित्त॥ नाग भूमि सिर तजै। चंद छंडै सुचंद कल॥
कलिन भान उग्गई। पथ्थ मुकै सु वान छल॥

रघु सुग्यान छंडई । भीम छंडै बल बंधै ॥
रूप छंडि मारंद । कंद छंडै हर संधै ॥
मुक्कै ज़ु जोग जोगिंद जु । करैं फिरस्त छंडै गुनह ॥
इत्तने धीर छंडै जदपि । साहि न कस मुक्कै मनह ॥ छं० ॥ ६३ ॥

दूहा ॥ मन मुक्कै सुक्कै सुहत । हत गोरी सुरतान ॥
सकल सेन सज्जे न्रपति । सुनहुं तौ. कहू प्रमान ॥ छं० ॥ ६४ ॥

शहाबुद्दीन का राजसी तेज वर्णन ।

सुन्निय मीर मीरन चवै । देषि सष्पिरह मीर ॥
जितौ कस्स सुरतान कौ । तितौ न दिष्यौ तीर ॥ छं० ॥ ६५ ॥

पद्धरी ॥ देष्यो न जाइ आलम अदब्ब । थरहरे मेच्छ षुरसान सब्ब ॥
कर जोरि जोरि सब रहें ठट्ठ । उच्चरै सेन बोलंत गट्ट ॥
छं० ॥ ६६ ॥

उभ्भै सुमीर ढिग ढिग विसाल । बोलै न मुष्ष सनमुष्ष काल ॥
सुरतानं निजरि बर भई तास । दह बेर हूर बर करि सलाम ॥
छं० ॥ ६७ ॥

अंगुरी टेकि इल पां लार । दह करि सलाम बोलयति बार ॥
जिय हुकम जोइ सो मोहि देउ । उच्चरौं मंत सोजीव हेउ ॥
छं० ॥ ६८ ॥

शहाबुद्दीन का अपने योद्धाओं की खातिर करना ।

दूहा ॥ चौसठि वेर सुहत्त बर । फेरि फेरि सुरतान ॥
सो पहराए मत्त गुर । दै किताब परिमान ॥ छं० ॥ ६९ ॥
दै किताब पहिराइ चर । नर नरपति मन साहि ॥
आसी पुर जो भंजई । इहै तत्त गुन आहि ॥ छं० ॥ ७० ॥

शहाबुद्दीम का अपने मंत्री से वीर चहुआन पर अवश्य विजय प्राप्त करनें की तरकीब पूछना ।

सुन्यौ मंच मंची सुमत । कहत मंच सुरतान ॥

जौ अंगन प्रति भंजियै। लियें ग्रेह परिमान ॥ छं० ॥ ७१ ॥

कवित्त ॥ पति फ्रमान हक्करिय। करिय अंगम सु सत्त गुन ॥
अरि आवत संग्रहै। कोश चंपै सु काल मन ॥
अरि निद्दुर साहरी। सबल मंची इष्षन ॥
इतें होइ जो हथ्थ। अरिन ग्रह संच सकै धन ॥
जम जोति दून दह मंत गुन। सत्ति मसूरति बोलि बर ॥
तत्तार षान षुरसान पति। करों मंत जा लेय धर ॥ छं० ॥ ७२ ॥

राज मंत्रियों का उपयुक्त उत्तर देना।

न्रपति न्रपति जो होय। सोइ नह राज राज बर ॥
चपति ग्यान जो होइ। बेद सग्यान तत्त नर ॥
बेरं कोबिद अछरि। काम अच्छपतिय स सुंदरि ॥
इत्ते न्रपति जो होइ। भए न्रप तौर समुंदरि ॥
तिहि कहे षान तत्तार बर। आसीपुर भंजन बलह ॥
ता पच्छ लगे ढिल्ला धरा। बैर वत्त बुझ्झै षलह ॥ छं० ॥ ७३ ॥

दूहा ॥ षां ततार जंपै सुबर। हम बंदे सु विहान ॥
जु कछु साह अग्या दियै। करें बनें हम्मान ॥ छं० ॥ ७४ ॥
सुने श्रवन तत्तार बच। हिंदवान लै जाइ ॥
मात रौस बेगम म्लिटै। सोइ सु लुट्टै जाइ ॥ छं० ॥ ७५ ॥

शाह का तत्तार खां से प्रश्न करना।

षां ततार वर वेन सुनि। दै आसन अरु पान ॥
जु कुछु मंत तुम उच्चरौ। सोइ करै सुदिहान ॥ छं० ॥ ७६ ॥

तत्तार खां का आसीपुर पर चढ़ाई करने को कहना।

जवित्त ॥ करि सलाम तत्तार। मतौ रौमुष्ह उच्चारिय ॥
लच्छि सुभर प्रथिराज। सबै हंसीपुर धारिय ॥
हसम हयग्गय मौर। सज्जि चतुरंग सेन बर ॥
मौर बँदा षुरसान। मुक्कि रद्दै अप अर धर ॥
सामंत बंध सुनि साहि बर। तब नरिंद अप्पन चढ़ै ॥

सो मंति मंत बंधै न्रपति। किंत्ति बोलि [1]भर नर पढ़ै॥ छं०॥७७॥

हांसीपुर पर चढ़ाई होने का मनसूबा पक्का होना।

षां हुसैन आवत्त मन। सुमति कियौ परिमान॥
आसी पुर भंजन भरै। इह करि मंत निधान॥ छं०॥ ७८॥

शहाबुद्दीन की आज्ञा।

कवित्त॥ रे अमंत तत्तार। मतौ जानैं न प्रमानं॥
ए हिंदू हम बंधि। सीस लग्गै असंमानं॥
हमं दल भज्जत देषि। तुम्म गिनियै तिन मानं॥
अब हम बंचि कुरान। फतेनामा धरि पानं॥
पाषंड सस्त्र अग्गैं छिपै। मिं भंजौं दुज्जन अरी॥
चहुआन सेन हांसीपुरह। लुट्टि गाम उभ्भा भरी॥ छं०॥ ७९॥

तत्तार खां की प्रतिज्ञा।

हांसीपुर पुर विपुर। करौं सु विहान तेज बर॥
तो गज्जानिय सुद्ध। हांसि मंडौ जु अप्प धर॥
अरि भंजे तन भंजि। मार मारह करि मोरौं॥
जौ बंधों सामंत। साहिं तसलीम सु जोरौं॥
ता दिवस षान तत्तार कौं। धार धार चढ़ि उत्तरौं॥
सुविहान आन चहुआन सों। जौन जुद्ध इत्तौ करौं॥ छं०॥ ८०॥

शाही दरबार में बलोच पहारी का उपस्थित होना।

दूहा॥ पाहारी बल्लोच तहँ। करि सलाम सुरतान॥
हम बंदे हजुर निंजरि। दै हांसीपुर थान॥ छं०॥ ८१॥
कवित्त॥ सत्त बेर पुंहरी। तंग बंधी जु अप्प कर॥
सब बद्धौं सामंत। बौंटि षुरसान देउ धर॥
बान साहि साहाब। बीय सन मज्जिय अप्पिय॥
षां षुरसान ततार। षान विय सरद सु धप्पिय॥

चतुरंग अनौं हिंदू दिसा। बर गोरी सज्जिय सुबर ॥
जुमा रत्ति ससि बंदि बर। चढ़े सेन सु विहान भर॥ छं० ॥ ८२॥

गजनी के राजदूतों का सिंध पार होना।

दूहा ॥ सिंधु मुक्कि गंए दूत बर। तजि गोरी सुरतान ॥
कै बिधि पर्वत चंपई। अवनी उजमी भान॥ छं० ॥ ८३॥

यवन सेना का हिंदुस्तान की हद्द में बढ़ना।

कवित्त ॥ कूच कूच उप्परे। षान षुरसान ततारी ॥
हसम हयग्गय सूर। दुसह दुज्जन मक्कारी ॥
दल बद्दल सु विहान। सूर पच्छिम दिसि उट्ठे ॥
लज संका गल बंधि। सिंघ भद्द नद्द सु छट्टे ॥
दिसि दुरंग अभंग हांसीपुरहं। सजिय सेन संमुह धवै ॥
धर दहन वीर चहुआन की। हठ ततार संमुष चवै॥ छं० ॥ ८४॥

तत्तार खां और खुरसान खां की अनी सेनाओं का आतंक और शोभा वर्णन।

त्रोटक ॥ चढ़ि षान ततार सुरंग अनी। द्रिग्गपाल चमक्कि निसान धुनी ॥
पुर आसिय फेरि सुरंग ग्रसै। मनु भांवरि भान सुमेर लसै ॥
छं० ॥ ८५॥

दिसि रत्त रयत्त उठंत बरं। मनौं बद्दर भद्दव के दुसरं ॥
गुर गोरिय साहि सु रंधि ग्रसी। सुनि राज नरिंद नरिंद रसी ॥
छं० ॥ ८६॥

चमके चव रंगनि रंग दिसा। सु मनं जमकें जमजोति जिसा ॥
पल की पल संकर अंदनता। सुमनौं सुर दादर के जमिता ॥
छं० ॥ ८७॥

रत रत्त मयूष इला चमकै। मनु इंदवधू नभ तें दमकै ॥
चहुआन सुनी सुरतान दिसं। चढ़ि आज अवाज सुराज रसं ॥
छं० ॥ ८८॥

जिनके गुन वीर सुमंत चवै। तिनके बल देवन तत्त भ्रमै ॥
जमसे दरसे जंम ते गरुअं। सुरतान तिपास रहे धुरयं ॥छं०॥८९॥
षुरसानय षांनति अग्ग अनी। तिमझि बर पासन राज यनी ॥
ढलकें ढल ढाल ढलक्कि लता। तिर साइर काइरं तं कलिता ॥
छं० ॥ ९० ॥
अब कै न्रप गोरिय साहि बरं। सुमनीं घन भूमि उतार उरं ॥
बढ़ि चल्लिय उग्गि कला दुसरी। न्रिप राज नरिंद सु जुद्ध हरी ॥
छं० ॥ ९१ ॥
सब सेन गरिष्ट इतौ बलयं। न्रप राजन राजन सो कलयं ॥
रन मुच्छ उठ्ठें वर कंक लसी। दिसि बंक विराजत पच्छ ससी॥
छं० ॥ ९२ ॥
इतने गुन चार चरंत करं। उतरे जमरोज नरिंद भरं ॥
जम रोज तजै ग्रह सिंह बरं। चहुआन सुनी रन राज उरं ॥
छं० ॥ ९३ ॥

तत्तार खां का पड़ाव दस कोस आगे चलाना।

कवित्त ॥ कूंच कूंच्च उप्परे। राज अग्या नन मानै ॥
सुबर जूह सुरतान। सैन चावद्दिसि बानै ॥
उगन हार ज्यों प्रात। खिन ढग्यौ बर गोरी ॥
तिमरलिंग जुल्लिकन्न। राज रजकन्न सु ओरी ॥
धंनि धंनि धंनि गोरी सु बर। बलभग्गा भग्गौ न बल ॥
आसीस भंजि ढिल्ली पुरां। नब लग्गों मेवात षल ॥ छं० ॥ ९४ ॥
दूहा ॥ आनि सकल गोरी सुबर। गरुअ मंत्ति तत्तार ॥
ते भारथ्थ सु हत्त पति। पत्ति नां लभ्यौ पार ॥ छं० ॥ ९५ ॥
षां तत्तार सुरतान बर। नर नाइक सुरतान ॥
दस कोसे आंसी हुतें। आंय सपत्ते थान ॥ छं० ॥ ९६ ॥

शाही सेना का आंसीपुर के पास पड़ाव डालना।

कवित्त ॥ आय सपत्ते थान। बीर आसी गिरद्द करि ॥
सरद काल ससि मित्त। परीं पारस सुमंत धर ॥

बहुरि चंद बरदाय। साह लग्गा कम धारिय ॥
चावद्दिसि रूंधये। मंत पावै न विचारिय॥
गढ़ रुक्कि सज्यौ साहरौ बैलौ। सेन सजत लग्गी घरी।
चामंडराइ दाहरतनौ। अमर मोह भूली सुरी॥ छं०॥ ६७॥

शाही सेना का हांसीपुर को घेरना।

चल्यौ षान तत्तार। सौर हक्के द्रिगपालं॥
घुरि निसान धुनि पूर। नाद अंबर लगि तालं॥
पावस चंद सरद्द। घटा घुंमरि ज्यों घेरै॥
ज्यों असाढ़ रति भान। धुम्म धुंधरि नन हेरै॥
गोरी सपन्न सज्जिय सुभर। ज्यों छयल्ल कुलटा सबसि॥
अवसान अचानक त्यों पुरह। हांसिय षान ततार ग्रसि॥छं०॥६८॥

मुसलमानी जातियों का वर्णन।

षां षुरसान ततार। बीय तत्तार पंधारी॥
हबसी रोमी षिलचि। इल्चि षूरेस बुषारी॥
सैद सैलानी सेष। बौर भट्टी मैदानी॥
चौगत्ता चि मनीर। पीरजादा लोहानी॥
अनेक जात जानैति कुल। विरह नेज असि ग्रहि करद॥
तुरकाम बीच बलोच बर। चिंत पूर हांसी मरद॥ छं०॥ ६९॥

दूहा॥ सुनि अवाज निसुरत्ति षां। षां ततार षुरसान॥
वे रज गुर सम्हे सजिग। मचिग जुद्ध विरुझान॥ छं०॥ १००॥

यवन सेना की व्यूहरचना वर्णन।

कवित्त॥ षां ततार रुस्तम्म। वाम दष्षिन ग्रष पंषी॥
षां निसुरत्ति पक्कर। उभै सेना पग लष्षी॥
षान षान षुरसान। चंच चल्लु रष्षि कसानी॥
कंगुरेस गष्षरह। जंघ मंडे दल भानी॥
षिलची षुरेस भट्टी विहर। पंछ सु द्रुन पच्छह सुबर॥
महनंग अंग मारूफ षां। छच सीस धारिय सुभर॥ छं०॥ १०१॥

युद्ध वर्णन ।

हनूफाल ॥ परिधाय स्हूर प्रकार । पांवार वज्र सु भार ॥
कढ़ि.बोलि षग्ग विहथ्थ । भारथ्थ ज्यौं सुनि पथ्थ ॥ छं० ॥ १०२ ॥
षग षग्गन वाहै पंति । मनों बाज सेन कि पंति ॥
भारथ्थ कथ्थ जोति । असि अंग बिद्धि विभोति ॥ छं० ॥ १०३ ॥
बजि गुरजं बीर प्रहार । सँग.देहि चौसठि तार ॥
दुहूं पास अंत ररंत । गिध गिधी गिद्ध गहंत ॥ छं० ॥ १०४ ॥
तर बेलि चढ़ि स्रनाल । मनु गहिय संस सिवाल ॥
तुटि मुंड तुंड सुभट्ट । मनु भग्गरं रचि नट्ट ॥ छं० ॥ १०५ ॥
रुधि छच्छ धर बर रुंड । पावक्क झर उठि कुंड ॥
कहि लेहु लेहु सु स्हूर । भारथ्थ बित्त करूर ॥ छं० १०६ ॥
षग झूर उट्ठिक बार । झर गिद्धि सो पति पार ॥
परिरंभ रंभ स आइ । तन तनक तनक न पाइ ॥ छं० ॥ १०७ ॥
मुक्कि मुक्कि माननि जाइ । फिरि पियन दष्षिन आइ ॥
मिस हारि रंभ स अग्गि । इन सब मनोरथ भग्गि ॥ छं० ॥१०८॥
किं अगनि दंभझै ताइ । तन धार धार सुलाइ ॥
बर बीर रोस सुगत्ति । जहां सोष इष्षि न मत्ति ॥ छं० ॥ १०९ ॥
दल सुभर अल्हन मभ्भिझ । जुरिभोम कीन्ह अलु भिझ ॥
उच्छरि अरी अरि भीर । चानूर मुष्टक बीर ॥ छं० ॥ ११० ॥
घरि पंच भिरि भारथ्थ । दिन अस्ति भूप न तथ्थि ॥ छं० ॥ १११ ॥

शाही फौज का बढ़ कर के किले का फाटक तोड़ देना ।

कवित्त ॥ सुबर स्हूर सामंत । बीर बिरुझाइ सु धाए ॥
नंषि कोट दढ़ ओट । कोठ किप्पाट ढहाए ॥
सत छुट्यौ सामंत । ग्राम बुल्यौ रघुवंसी ॥
रे अभंग सामंत । सीहि बंधौं बल गंसी ॥
विना न्रपति जो बंध । कित्ति चावद्दिसि चर्ल्लै ॥
सार भार तन षंडि । बीर भारथ्थ न डुल्लै ॥

नन तजौ मंत बल सत्त गहि। गरुअ ग्रब्ब षंडोति षग ॥
उब्बरै लोइ इत्तौ करौ। करौ सूर की रत्ति नग ॥ छं० ॥ ११२ ॥

चामुंडराय के उत्कर्ष वचन।

कवित्त ॥ विहसि रॉव चामंड। कहै रघुबंसराइ बर ॥
तुच्छ सेन सामंत। साहि गोरी अभंग भर ॥
दंति घात आघात। षग्ग मग्गह कट्टारिय ॥
गुरज बीर गोरीस। सेज भंभरि भर भारिय ॥
महनसी मेर मारू मरङ। सरद तेज ससि मुष षुल्यौ ॥
पाहार बीर तूंअर उतंग। सार धार नां धर डुल्यौ ॥ छं० ॥ ११३ ॥

युद्ध होते होते शाम होजाना और युद्ध बंद होना॥

भिरिग हूर सामंत। लुथ्थि आहुट्टि लुथ्थि पर ॥
सघन घाइ आवत्त। मेर तत्तार होइ बर ॥
चढ़ि हांसीपुर सूर। षेत ढुल्यौ न दीन दुहु ॥
उतरि मेर असि वरन। गहन जंपै न सिद्ध कहु ॥
बहु षग्ग सूर सामंत रन। भोरी षान षुरेस परि ॥
मिलि मेछ मेछ एकोन किहि। रहे सेन ठट्ठे विहर ॥ छं० ॥ ११४ ॥
समरि संग तत्तार। बज्जि नीसान षेत रहि ॥
हय गय रन विच्छुरहि। रुद्र भूमिअ सु बीर बहि ॥
निसचर वीर उभार। भूत प्रेतह उच्छव सुर ॥
बज्जि घाइ कहि उठत। नचै चौसट्ठि रंभ बर ॥
नारद जद नंदी सु बर। बीरभद्र सुर गान बर ॥
इन भंति निस्स बर मुद्दरी। बर हर हर बज्जे रुसुर ॥ छं० ॥ ११५ ॥

प्रातःकाल होते ही पुनः युद्धारंभ होना।

चौपाई ॥ भयौ प्रात बंछित सामंतह। मुगध महिल ज्यौं बंछै प्रातह ॥
कन्ह नाह लोहान महा भर। रा बड़गुज्जर किल्हन सुभ्भर ॥ छं० ॥ ११६ ॥

---

(१) ए.-मन। (२) ए.-विछुर नाहीं। (३) ए. उभारी।

गढ़ में उपस्थित सामंतों के नाम ।

कवित्त ॥ बर पीचौ अचलेस । गरुअ गोबिंद महनसौं ॥
उद्दिगं बाह पग्गर । नरा नरसिंघ समरसौ ॥
उभै बंध मोरीय । राव रानिंग गिरेसं ॥
देव कन्न साघुलौ । जुद्ध पारथ्थ बिसेसं ॥
मलषान भीम पुंडीर भर । जैत पवांर सु वग्गरी ॥
चामंड राइ कनक सुभर । रघुबंसी सिर पग्घरी ॥छं०॥११७॥

दोनों सेनाओं में युद्ध आरंभ होना ।

दूहा ॥ प्रात उदित घायन मिले । प्रात घाइ घरियार ॥
रोस लगे हिंदू तुरक । मनुं बज्जैं कठतार ॥ छं० ॥ ११८ ॥

युद्ध का वर्णन और दस चोट में यवन सेना का परास्त होना ।

भुजंगप्रयात ॥ असी अस्सि सस्त्रं बधी षान बज्जं ।
सु षग्गं षिती पान सो बीर चज्जं ॥
चवै चक्कि च्यारं सबै रंग बीरं ।
तजी गाभ बारं चढ़ी धार धीरं ॥ छं० ॥ ११९ ॥
अए अस्स कुस्सं उपंमी प्रमानं ॥
मनो षेत षड्डै किसानं रिसानं ॥
मिलें सूर धारं दलं मेल सानं ॥
पुरी जानि बुंदं समुद्रे न पानं ॥ छं० ॥ १२० ॥
तजे कोट षानं सबै सूर घेरी ॥
मनों भाव रंभान सुम्मेर फेरी ॥
परें षग्ग जट्टें उजत्तीत झारी ॥
मनों देवलं बज्जि कल्ल पार पारी ॥ छं० ॥ १२१ ॥
घयं भेदि घायं अघायंत रस्सी ॥
निकस्सी परी अद्ध सा सूर कासी ॥
कटे बंध काबंध सो बधं पारी ॥

मनो बह्नि विभ्भाय भग्गी सु कारी ॥ छं० ॥ १२२ ॥
पयं भज्जि सो डाक ही षग्ग धारी ॥
मनों वामना रूप भै भौम भारी ॥
रुधी घट्ट ज्यों फुट्टि सन्नाह सारी ॥
तिनंकी उपंम्मा कबीचंद्र धारी ॥ छं० ॥ १२३ ॥
मनो रंग रेजं ग्रहे रंग रारी।
जलं जावकं सोभ पन्नार पारी ॥
हयं छिंछ उट्ठौ रुधी छिंछ तारी।
हथं वक्र जरद्द दुअद्द पारी ॥ छं० ॥ १२४ ॥
तिनंकी उपम्मा कबी तें कहाई।
जलं जावकं पावकं को बुडाई ॥
ग्रही केस उड्डे उतंमंग पष्षी।
तिनंकी उपम्मा कबीचंद अष्षी ॥ छं० ॥ १२५ ॥
मनों अप्प ग्रेहं अवानंति वारं।
चली नभ्भ तें चंदनं सुक्कि धारं ॥
भगी घायन भूमि भा प्रान पारं।
मनों सिद्धि संमद्धि लग्गी अगारं ॥ छं० ॥ १२६ ॥
बजी घाय अघ्घाइनं ग्रीव फानं।
फिरें केत रक्की जलं मभ्भि सानं ॥
उड़ी छिंछ सब्बैं दलं रुद्धि अस्सी।
मनो दीपतौ हिंदुनं हद्द कस्सी ॥ छं० ॥ १२७ ॥
घटं सत्त उभ्भै सुरं लोक बस्सी।
फिरी फौज तत्तार की घाइ गस्सी ॥ छं० ॥ १२८ ॥

इस युद्ध में खेत रहे जीवों की संख्या।

कवित्त ॥ अद्ध सेन अध परिग। परिग दंती सत एकं ॥
अयुत अयुत अस परिग। पयह कों गनै असेकं ॥
दसत दून बानेत। घाय झोरी करि लिन्ने ॥
पंच पेंड़ पंचारु। सेन भग्गा तिन दिन्ने ॥

पछ पुंछ षान आलील तब। अति आतुर असिवर षरिय ॥
भग्गौ न मीरं मो भीर सुनि। अब भंजो हिंदू रंरय ॥ छं० ॥ १२९॥

अलील खां का प्रतिज्ञा करके धावा करना।

सुनि सामंत निसान। षान अलील उभं नरि ॥
मनंहु अग्गि घन वृत्त। आय डंडूर सुमंधरि ॥
हुंगोरी धर कोट। राज 'अट्ठो नरुआनी' ॥
मो उभ्भै कुन सूर। भोमि विलसै सुरतानी ॥
इहु कहिरु सेन अग्गें धरिय। जाय सूर मुष षग्गयौ ॥
तिन सार मार सामंत दल। पंच डोरि पच्छो गल्यौ ॥ छं० ॥ १३० ॥

दोनों ओर से बड़े जोर से लड़ाई होना।

दूहा ॥ तमंकि सूर सामंत तब। झुकि लग्गे फिरि षंग ॥
लपट झपट ऐसी बहै। ज्यों 'जज्जर बन अग्गि ॥ छं० ॥ १३ ॥

लड़ाई का वाक्‌चित्र वर्णन।

विराज ॥ छुटे अग्गिबाजं, मनों नभ्भ गाजं। चढ़े सूर सूरं, नमे रंक नूरं ॥
छं० ॥ १३२ ॥

बहै बान भारी, मनों टिड्डु चारी। दुती सोभ आनं, कबीका बषानं ॥
छं० ॥ १३३ ॥

दिसायं न्रमल्लं, मनो नाग हल्लं। परैं वष्प घायं, मनों वज्र लायं ॥
छं० ॥ १३४ ॥

करै कूह कैकं, हुअं एकमेकं। वहै षग्ग धारं, अभूतं सरारी ॥
छं० ॥ १३५ ॥

होवै षंड षंडं, धरं रुंड मुंडं। बकैं मार मारं, मनों प्रेत चारं ॥
छं० ॥ १३६ ॥

जुटै सूर हथ्थं, मनों मल्ल बथ्थं। परै भूमि सारं, मनों मत्तवारं ॥
छं० ॥ १३७ ॥

(१) को.-कृ.-अड्डी। (२) ए.-वुज्जर।

अए फन्द षेतं, बँधे बंध नैंतं। छुटी अंषि पट्टी, मनों अग्गी छुट्टी॥
छं० ॥ १३८ ॥
षगे मग्ग चाहं, अरी पेंषि दाहं। परे नाग ठानं, कलं कूट जानं॥
छं० ॥ १३९ ॥
रनं नेज ढल्लं, मनों केलि पल्लं। लोहानों अजानं, दुढ़े षान टानं॥
छं० ॥ १४० ॥
वहै संग भारी, निकस्से कटारी। तिनं घाव सद्दं, करै कुंभ नद्दं॥
छं० ॥ १४१ ॥
जुरै चंद सेनं, कियं षंड जेनं। उठे छिंछ अंगं, मनों अग्गि दंगं॥
छं० ॥ १४२ ॥
दुती ओप जानं, प्रवारी प्रमानं। पऱ्यौ षान अल्ली, धरारं विहल्ली॥
छं० ॥ १४३ ॥
भगे साहि ठट्टं, गए दस्स वट्टं। भद्री पिक्ति ताजं, दियं जित्ति बाजं॥
छं० ॥ १४४ ॥

सामंतों की जीत होना और यवन सेना का परास्त होकर भागना।

कवित्त ॥ भइय जित्ति साँमंत। सेन भग्गा सुरतानं॥
अप्प सूर सब कुसॅल। पिक्ति पृथ्वी चहुआनं॥
उभै सहस परि मीर। सहस इक बाज़ प्रमानं॥
परिय दंति सतएक। करिय अच्छरि वर गानं॥
जै जयम सद्द आयास हुअ। घाव सूर झोरी धरिय॥
वित्तयौ कलह भारथ्थ जिम। कही चंद छंदह करिय॥ छं० ॥ १४५ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके हांसी प्रथम जुद्ध वर्णननं नाम इक्यावनवों प्रस्ताव संपूर्णम्॥ ५१ ॥

अथ द्वितीय हांसी युद्ध वर्णन ।

(बावनवां समय ।)

तत्तार खां का पराजित होना सुन कर शहाबुद्दीन का क्रोध करके भांति भांति की यवन सेना एकत्रित करना ।

कवित्त ॥ हसम हयग्गय लुट्टि । लुट्टि पष्षर रषतानं ॥
तत्तारी षुरसान । हाम भग्गौ सुरतानं ॥
सुनि भग्गा सब सेन । हाय करि पट्टि सु हथ्यं ॥
पुच्छि षबरि बर दूत । कहिय भारथ बत कथ्यं ॥
रगतैत नेन साहाब सजि । पैगंबर महमंद भजि ॥
फिरि सज्यो सेन असुचित्त करि । हांसीपुर जीतन सु कजि ॥
छं० ॥ १ ॥

विअष्परी ॥ सज्जिय सेंत संतं सुरतानं । दस दिसि धर दिन्ने फुरमानं ॥
रुम्म हरेव परेव परारिव । भर भंभर भष्षर भर भारिय ॥ छं० ॥ २ ॥
समरकंद कसकंद समानं । कछक बलोच सकी मकरानं ॥
कंदल वास अधम्म इस्वासं । रोही सोह उजब्बक रासं ॥ छं० ॥ ३ ॥
षूनकार ऐराक षंधारं । साहबुदीन मिले दल सारं ॥
धुम्मर वृन्न सिरै तुछ रोमं । जांति अनंत गिनै कुन भोमं ॥ छं० ॥ ४ ॥
घोरमुहा केइ सुप्पर कंनं । चष्प कुरूर मुषं रत वंनं ॥
इन सर कंध विधाह मंजन्निं । दुअ दुअ दुम्मि भषै दिनमानं ॥
छं० ॥ ५ ॥

जानै धीर अनी बथ मंलं । जानि गिरव्वर सिष्षर चल्लं ॥
तानै सिनि गिनि झोर विभारं । गोंन चढं जिन टंक अधारं ॥
छं० ॥ ६ ॥

बंधे द्वो द्वो तोन जुआनं। तिन साइक सत सत्त प्रमानं ॥
साबद बेधिय लाघव सारं। पंष हनै षह दिष्ट प्रहारं ॥ छं० ॥ ७ ॥
टारैं अनी अनी साइतं। मुंठि अभूल रमै चित किक्कं ॥
मंद अहार सबै फल आसं। पारसि मभ्भ विवानि प्रहासं ॥ छं० ॥ ८ ॥
करै रगब्ब सेरुब्बर वानं। जानि कि ब्रच्छ विहंग बुगानं ॥
बंधिय जूसन सारषि गातं। जानि जुरी नव नाथ जमातं ॥
छं० ॥ ९ ॥
सजि पष्षर लष्षर है साजं। पंषधरी बर उड्डन काजं ॥
गज घुंमर धज नेजर बानं। जानि कि भद्दव मेघ समानं ॥ छं० ॥ १० ॥
करिय टमंक चल्यौ हय नादं। फट्टिय जानि समंद मजादं ॥
तर भंगर गिरि पब्बर धारं। उड्डिय रेन डिगे द्रिग सारं ॥ छं० ॥ ११ ॥
धर धुंमर लगि अंमर थानं। सुनियै सद्द न दीसै भानं ॥
है गै रथ दल अंत न जानं। आसिय दिसि हल्लिय सुविहानं ॥
छं० ॥ १२ ॥

वरन वरन की व्यूहवद्ध यवन सेना का हांसीपुर को घेरना।

कवित्त ॥ साहब सुनि सुरतान। समुद व्यूह रचि धाइय ॥
अष्ट सेन रचि अग्र। ईष्ट करि सेन बनाइय ॥
एक लष्य सारद्ध। सुभर असवारति साजं ॥
दंती पंति विसाल। अग्ग सज्जे अगिबाजं ॥
पावस्स थान मन्नौं प्रगट। दिस दिसान नीसान दिय ॥
आसीअ चिंत इक दौर करि। आनि सुभर घन घेरि किय ॥
छं० ॥ १३ ॥

शहाबुद्दीन का सामंतो को किला छोड़ देने का संदेसा भेजना।

दूहा ॥ घेरि सुभर साहाबदी। कहिय बत्त चर चारु ॥
कै भुभझहु बुभभह सपरि। कै निकरौ धम्म दुआर ॥ छं० ॥ १४ ॥

शहाबुद्दीन का सँदेसा पाकर सामंतों का परस्पर सलाह और बादविवाद करना ।

कवित्त ॥ सुबर सूर सामंत । बीर बिरुझाइ सु धाए ॥
बड़गुज्जर रा राम । राइ रावत्त सहाए ॥
सम दुरंग सो सीस । बीर लोकिग असमानं ॥
कित्ति मुकति भर सुभर । बीर बीरं बिरुझानं ॥
कूरंभ राव पज्जून दे । गयौ इंछ सामंत बर ॥
तम प्रषै मरन दीजै नहीं । मरहु तुम्ह जिन पर सु धर ॥ छं० ॥ १५ ॥
सुनिय मंत कूरंभ । मती जानहि सु मरन बर ॥
जीवन मत आनंत । सामध्रमजीइ भ्रम्म नर ॥
हम बीरा रस धज्ज । जोग जीतनं सिर बंधी ॥
हम अभंज अरि भंज । मंत आनी जस संधी ॥
रुक्यौ हंस पंजर सु पच । सो पंजर भंजहिति भिर ॥
जानिग्रै जगत तनु तिनुक वर । अरि बंधन बंधेति फिरि ॥ छं० ॥ १६ ॥
सुबर बीर सामंत । मन्न लग्गे विरुझानं ॥
रा चामंड जैतसी । राम बड़गुज्जर दानं ॥
उदिगबाह पम्मार । कन्क कूरंभ पजूनं ॥
षीची रा परसंग । चंद पुंडीर स कन्हं ॥
महनंग मेर मोरी मनह । दोज बीर उप्परि सलष ॥
देवकन कुंअर अल्हन सुबर । लषिय सोभ भुज बर विलष ॥
छं० ॥ १७ ॥

सामंतों का भगवती का ध्यान करना ।

दूहा ॥ निसि चिंता सामंत रह । उदिग बाह पम्मार ॥
मात बीर अस्तुति करै । सस सु मगन हार ॥ छं० ॥ १८ ॥
फुट्टि सरोवर नीर गय । अंब ऐक बंधै पालि ॥
तेमन संत पयान किय । इह भावी इह काल ॥ छं० ॥ १९ ॥

हांसी के किले में स्थित सामंतों के नाम और उनका वर्णन ।

कवित्त ॥ निड्डुर बर हरसिंघ। बीर भींहा भर रूपं॥
बरसिंहह हरसिंघ। गरुअ गोयंद अनूपं॥
राज गुरू रा राम। नक्री बंभन रस बीरं॥
दाहिम्मौ नरसिंघ। गौर सग्गर रनधीरं॥
चालुक्क बीर सारंगदे। दई देव दुज्जन दहन॥
सुलतान सेन संमुह मिलै। गात जु हांसीपुर गहन॥ छं०॥ २०॥

चौपाई॥ पुर हांसी दिसि दच्छिन कीनी। बीय सूर सम्हैं अपु लीनी॥
चक्की चवसठि जोगिन्दिकारी। दिसि दच्छिन उर सम्हौ भारी॥
छं०॥ २१॥

कुछ सामंतो का किला छोड़ देने का प्रस्ताव करना परन्तु देवराव बग्गरी का उसे न मानना।

कवित्त॥ उदिग गयौ निक्करै। सुतौ मैंरनह तें डरयौ॥
अमर सूर निक्करै। सु फुनि अलँगे उत्तरयौ॥
चावंड रा निक्करे। सुहड सांवला सहित्तौ॥
गोयँद रा गहिलौत। सु फुनि निक्करै विगुत्तौ॥
सापुलौ सूर भोंहा सुतन। कल कथ्था भारथ करै॥
इत्तने राव गए निक्करे। देवराव नौं निक्करै॥ छं०॥ २२॥
ए सामंत अभंग। मेर धुअ मंडल नामं॥
सेस सीस रवि चंद। सु भुम्मि मंडल अभिरामं॥
एउ टरें कोउ बेर। जोग जुग अंतर साथी॥
अटल एक सामंत। जुद्ध जोगा रस पाथी॥
दैवान देव गति अलघ है। नन गुमान कोइ कर सकै॥
एकैक मत्त चूकै सबै। ज्त्ति कोइ गाइ न सकै॥ छं०॥ २३॥

कवि का कहना कि समयानुसार सामंत लोग चूक गए तो क्या।

राम चुक्क म्रग हत्यौ। सीय लिय रावन चुक्यौ॥
हनुअ बत्त नारद। भरथ चुक्कवि सर मुक्कयौ॥

विक्रम जीव जतन्न । कग्ग आमिष मुष मंडिय ॥
इंद्र अहल्ल्या काज । सहस भंग कांया मंडिय ॥
नल राय दमंती कारनें । और नेम जानौ न उन ॥
सामंत दोष लग्यौ इतौ । मतौ एक चुक्कौ न कुन ॥ छं० ॥ २४ ॥

देवराय बग्गरी का वचन ।

सांहि मलिक साहाब । दीन जिहि द्वारें बंदिय ॥
जेन द्वार निक्करी । जेन निक्करैं न कंदिय ॥
सिर तुरक भार पड़िहु । सहित धर जाहु सरीरह ॥
हुं सभीछ पहुचेंन । तनों मिकलंक सुरीरह ॥
सांषुलौ सूर सामित्त छल । देवराव कटि बटि मरै ॥
ता भष्यि पुत्त बापह तनौ । असें द्वार होइ निक्करै ॥ छं० ॥ २५ ॥

कल्हन और कमधुज्ज का बग्गरीराव के बचनों का अनुमोदन करना ।

सत छुट्टत गोयंद । सत्त सामंतन छुट्यौ ॥
बर षीची अचलस । धार धारंह तन तुट्यौ ॥
सत छुट्यौ उद्दिग्ग । मरन डर ड्र्यौ अबाहिय ॥
सत छुट्टत नरसिंघ । लग उत्तरि पति नांहिय ॥
मुक्यो न सत्त कमधज्ज ने । नाम बीर कल्हन न्रपति ॥
बरि कनकरावें परसंग भरें । दीपंतन रवि तन दिपति ॥ छं० ॥ २६ ॥

सातों भाई तत्तार खां का तलवारें बांधना और हांसी गढ़ पर आक्रमण करना ।

मुक्कंत सत तत्तार । तेग बंधी सत बंध्यौ ॥
मिलि आएं सुरतान । सेन गोरी ग्रह संध्यौ ॥
आनि साहि साहाब । मीर हांसीपुर चल्यौ ॥
सुन्यां सूर सामंत । कौंन निक्करि सत डुल्यौ ॥
लच्छी सुमंति आसत्त बर । बार बार बर बंधियै ॥
असि पच्छ कट्टि बंधौ सुबर । पढ़ि कुरान कंत संधियै ॥ छं० ॥ २७ ॥

*चन्द्रायन ॥ भषे पट्टली मंस सस्त बल मुक्कई। काजी कत्य कुरान धम्म नन चुक्कई॥
तजि हांसीपुर जीव लभ्भ बंधी सही। हिंदवान गढ़ मुक्कि गहा अप्पा रही॥
छं० ॥ २८ ॥

कवित्त ॥ सजे सीस गयनंग। रेह्यौ रुप्पे रन मांही ॥
सबल सेन सुरतान। परिय पारस परछांही ॥
हक धक्क किलंकार। करै आसुर असमानं ॥
गोर नार जंबूर। बान रुक्के रह भानं ॥
पावैं न मभ्भ पंषी पसर। विसर नह बज्जे सबल ॥
सांषुलौ सुभर जुथौ समर। उदधि मभ्भ लग्गौ अनल ॥
छं० ॥ २९ ॥

दूहा ॥ भयौ प्रात फट्टं तिमिर। मिलिघ संग तत्तार ॥
करत कूंच तुट्टे सुभर। गढ़ लग्गे चिहुं बार ॥ छं० ॥ ३० ॥

अन्यान्य सामंतों की अकर्मण्यता और देवराय की प्रशंसा वर्णन।

कवित्त ॥ षां ततार गढ़ घेरि। ढोह बज्जे बज्जानं ॥
दो दस दिन सामंत। भूभ बज्जे परमानं ॥
पन्न पान सोवन्न। दीह तिन स्तरन धाइय ॥
गयौ बीर पाहार। नांम किन स्तरन साइय ॥
पारथ्थ जीत भारथ्थ लह। गोपिन रषि अपुब्ब तिया ॥
हथ्थ धनुष आइ बंनर बली। सीय राज्ज अपुसह किया ॥ छं० ॥ ३१ ॥
अस्सपूर तत्तार। भूभ बज्जी मग सुद्धी ॥
ईकल्लो देव क्रंन। बान अर्जुन मग बुद्धी ॥
और सबै सामंत। माहि बिस्सह आजुद्धी ॥
मरन भार उद्दिग। बिहार बीरां रस बंधी ॥
सांषलौ स्तर सारंगदे। तिन बंधी रज्जी जगत ॥
उच्चरै स्तर सामंत सौ। जेन भिरत पच्छइ मरत ॥ छं० ॥ ३२ ॥

*मूल प्रतियों में इस छन्द को चौपाई करके लिखा है।

देवराव बग्गरी की बीरता।

अनल मद्धि देवराज। परे पारस दृषि गोरी॥
लहरि सेन बाजंत। धार झारंग झकझीरी॥
बज्जि धार विभ्भार। मार मारह मुष जंपहि॥
सूर मत्त रन रत्त। कलह कायर उर कंपहि॥
लगि सार धार रुधि छंछ घुटि। सहस सूर उट्ठहि लरन॥
आवट्टि सेन अद्धों सु अंध। अद्ध अद्ध लग्गौ भिरन॥ छं०॥ ३३॥

युद्धारंभ और युद्धस्थल का चित्र वर्णन।

भुजंगी॥ परे अद्ध अद्धं सु अद्धं अधानं। भिरै अद्ध अद्धं रहै साह यानं॥
अगे दंत पंती चले साह सूरं। प्रलै काल मानो हलै दद्धि पूरं॥
छं०॥ ३४॥

उतै पारसी मीर बोलै करारं। इतै सीस हक्कै धरं मार मारं॥
बहै सूर सूरं लगै धार धारं। मनों भझरी बज्जि देवं सुधारं॥
छं०॥ ३५॥

गहैं दंत दंती उपारंत सूरं। मनों भील कड्डै गिरं कंद मूरं॥
परै पीलवानं निसानं सु पीलं। हन्यौ वज्जि सैलं सन्नष्यं कपीलं॥
छं०॥ ३६॥

बहै षग्ग धारं धरंगे निद्वारं। मनों अग्गि पिंडं कुलालं उतारं॥
उठे स्रोन बिंदं रतं धार लग्गी। मनों लग्गि तिंदू प्रलै काल अग्गी॥
छं०॥ ३७॥

बहै रत्त धारं अपारं सु दीसं। मनों भद्द मभ्भै बहै नद्दि ईसं॥
बिहूं बाह बाहै लगैं सूर सूरं। मनों प्रीति हेतं मिले आय दूरं॥
छं०॥ ३८॥

बहैं जम्मदड्ढं बहै पारधारं। मनों मोष मग्गं किवारं उघारं॥
परै लुथ्थि पथ्थं उंलघ्थंति पानं। मनो मीन कुद्दं जलं तुच्छ मानं॥
छं०॥ ३९॥

रजै ईस सीसं करै रुंडमालं। रमै भूत प्रेतं किलक्कंत नारं॥

ग्रहै अंत लिन्नौ चढ़ै गैन मग्गं । मनों डोरि तुट्टी रमै वाय चंगं ॥
छं० ॥ ४० ॥

तिनं नद्द संदं विहंगं मुनालं । रजै ईस मानं सुरं सत्त पानं ॥
भरै षेचरी पच चौसट्ठि चारी । भ्रवै भोमि श्रोनं पलं पल्लहारी ॥
छं० ॥ ४१ ॥

भिरें जाम एकं अनेकं प्रकारं । परे ह्वार सेनं कहै कोन पारं ॥
छं० ॥ ४२ ॥

देवकर्ण बग्गरी का वीरता के साथ मारा जाना ।

दूहा ॥ देवकन्न सुरलोक बसि । हय नर धर गज भानि ॥
नाग असुर सुर नर सुरभ । बढ़ि भारथ्थ बषान ॥ छं० ॥ ४३ ॥

वीर बग्गरी का मोक्ष पाना ।

कवित्त ॥ जौति समर देवकन । धार पति चट्टिय धारं ॥
निगम ध्रम्म अजमेघ । द्रभ्भ थल दुज्ज अचारं ॥
रथ रंभन भर थक्कि । रवि अक्यौ रथ लोचन ॥
बंध इंद्र सर बंध । मंदु बारा रहि सोचत ॥
शिव बंध सध्य रथ ऊर चढ़ि । भूनिग तन गौ ब्रह्मपुर ॥
इह करिन काइ करिहैं नहीं । करौ सु को रजपूत धर ॥ छं० ॥ ४४ ॥
देव कन्न बर बीर । धीर भर औरं अहीरं ॥
चौच्यालीस प्रमाण । तुट्टि तन धार सु भीरं ॥
थुत्ति सदेव उच्चार । करै अस्तुति दै तारी ॥
सिर तुट्टै धर उट्ठि । भिरत कट्ठी कट्टारी ॥
अरि मुष्प गयौ चढ़ि चिंत अरि । तनु धारा हर बिंटयौ ॥
कायरन जेम तज्यौ न रन । करि कुट्टा जिम कुट्टयौ ॥ छं० ॥ ४५ ॥

इस युद्ध में मृत वीर सैनिकों की नामावली ।

भुजंगी ॥ पच्यौ देव कन्नं सु भूनिंग जायं । जिनें वास लोकं सयं बंभ पायं ॥
पच्यौ बीर मारू नवं कोट रायं । जिनें जूह लग्गे भुजं काम पायं ॥
छं० ॥ ४६ ॥

पऱ्यौ रानि गिरि राव बीरं षताई। जिने षांन जद्दौं ढ़हायौ षताई ॥
पऱ्यौ बीर मोरी उभै बंध सथ्थं। भजे जूह संपं पली हथ्थ बथ्थं ॥
छं० ॥ ४७ ॥

पऱ्यौ लंच भाई सपंचं अभंगं। ढहे जूह बैरी लगै जूह अंगं ॥
पऱ्यौ सांषुला सूर नारेन इंदं। जिन जाम सेन्यौ करी दूरि दंदं ॥
छं० ॥ ४८ ॥

परे राव कूरंभ पज्जून जायं। जिने लोक में लोक संलोक पायं ॥
पऱ्यौ पंच पंचायनं पुंज राजं। जिन चंपि वैरी कुलिंगंति बाजं ॥
छं० ॥ ४९ ॥

पऱ्यौ बग्गरी रूप नर रूप नाहं। भगौं जानि मोरी तुटी जू सनाहं॥
पऱ्यौ बैर बाराह वैरी पचारं। जिने सार झारं दुझारं हकारं ॥
छं० ॥ ५० ॥

पऱ्यौ गुज्जरीराव रघुबंसरायं। हयं अस्ति सस्त्रं किनं कान पायं ॥
पऱ्यौ षग्ग षिची सु मंची नरिंदं। मरंतं रुजी पौमरं कित्ति कंदं ॥
छं० ॥ ५१ ॥

परे इत्तने सूर भारथ्थ वित्तं। इरे सूर ते वार रिन संकि पत्तं ॥
छं० ॥ ५२ ॥

एक सहस सिपाहियों के मारे जाने पर भी सामंतों का किला न छोड़ना।

दूहा ॥ रा देवंग रहंत रन। सहस एक बर बीर ॥
तामे एक कमंध रहि। तिन संघारिग मीर ॥ छं० ॥ ५३ ॥
बने विरद बको वहै। बंको षान अलील ॥
दस सहस सम मीर बर। तिन लीनो गढ़ कील ॥ छं० ॥ ५४ ॥
कोट मद्धि रजपूत सैं। तिन सझौ दरवार ॥
गिरद बाज चिहुकोद फिरि। मीर पीर सिरदार ॥ छं० ॥ ५५ ॥

पृथ्वीराज को स्वप्न में हांसीपुर का दर्शन देना।

हांसीपुर प्रथिराज पैं। चंद सुपन बरदाइ ॥
धवल वस्त्र उज्जल सु तन। पुक्कारिव न्रप आइ ॥ छं० ॥ ५६ ॥

पृथ्वीराज प्रति हांसीपुर का वचन।

हांसीपुर उच्चार बर। बीट सेन सुलितान॥
अजहूं हूं भग्गी नहीं करि उप्पर चहुआन ॥छं०॥५७॥

कवित्त॥ उभै दीह गढ़ ओट। सस्त्र बज्जै सु बान अग॥
अग्गबान कम्मान। सार सिंधुर अभंग जग॥
ता पच्छै सामंत अंत कीनौ परमानं॥
नंषि कोट गढ़ ओट। तस्त लग्गे असमानं॥
न्रिप राज अन्यौ आसौ सुन्यौ। सुपनंतर आसी कहिय॥
ढिल्ली न्रपत्ति ढीलौं धरा। ढीली ह्वै अग्गें रहिय॥ छं०॥५८॥
हांसी पुच्छै पहुमि। राय तं काइन भग्गिय॥
मो बभौष पम्मारि। तेभ भू दंड विलग्गिय॥
तिन ए रस उच्चरै। चिया छल अब्ब गमिज्जै॥
जै सिर पड़ै तो जाहु। कज्ज साईं छल किज्जै॥
संहसा परि झुम्झै मांपुलौ। एह अचिज्ज पिष्पन रहिय॥
देवराव सूर षंडे परिग। ता स तुरक्क संग्रहिय॥ छं०॥५९॥

हांसीपुर की यह गति जान कर पृथ्वीराज का घबड़ा कर कैमास से सलाह पूछना।

दूहा॥ सुनिय बचन प्रथिराज ने। हांसी आरय वित्त॥
भ्रम दुवारि निक्करि सुभर। देवराव परि पित्त॥ छं०॥६०॥
इह भविष्य चिंतै न्रपति। भयौ करुना चित्त॥
रुद्र बीर अरु हारु रस। ए अपुब्ब कथ कित्त॥ छं०॥६१॥

कवित्त॥ सुनत राज प्रथिराज। बोलि कैमास महाभार॥
तम मंची मंचंग। मंच रष्षन सामंत बर॥
हयति नट्ठ गज नट्ठ। नट्ठि रष्षि वामह नट्ठी॥
सोच सु नट्ठि सनेह। नट्ठ गुन विद्य अनुट्ठी॥
त्यों सेन नट्ठ हांसीपुरह। मंत उप्पजै सो करौ॥
कैमास मंत मंती सुमत। मति उच्चारन विच्चरौ॥ छं०॥६२॥

दूहा ॥ मंचि मंत कैमास कहि। राजन चित्त विचार ॥
ए सामंत अमंत मत। कोइ देवान मकार ॥ छं ॥ ६३ ॥ ॥

कैमास का रावल समरसी जी को बुलाने के लिये कहना।

कवित्त ॥ कहै मंचि कैमास। पास रावल जन मुक्कौ ॥
वह आहुट्ठ नरेस। बाहि बिन मंत सु चुक्कौ ॥
तुम आतुर अति तेज। और मिलिहै चिंचंगी ॥
जनु प्रजलंती अग्गि। मंझि घ्रत सिंचि तरंगी ॥
इस मंचि मंच गिर राज दिसि। दिय पची संमर विगति ॥
दिन दिवस अवधि पंचमि कहियं। दिसि हांसी आवन सु गति ॥ छं० ॥ ६४ ॥

रावल समरसी जी का हांसीपुर की तरफ चलना।

दूहा ॥ सुनि रावर आतुर चल्यौ। पवन पवंग प्रमान ॥
इक सगपन साहाइ पन। चषि घर विरद वहान ॥ छं० ॥ ६५ ॥

हांसीपुर को छोड़ कर आए हुए सामंतों का पृथ्वीराज से मिलना।

कवित्त ॥ मुक्कि राज दुज दोइ। बेगि सामंत बुलाए ॥
कछुक लज्ज कछु सहमि। मिलत सिर नीच नवाए ॥
चामंड रा जैतसी। राव बड़गुज्जर कन्है ॥
षीची राव प्रसंग। चंद पुंडीर महन्न ॥
पज्जून कनक उड्डग्गै पगर। दोऊ वीर बग्गर सलष ॥
दोउ कन्न कुंअर मोहन सुबर। मिले आय राजान भर ॥ छं० ॥ ६६ ॥
मिलिग आव गोयंद। नरे नरसिंघ महाभर ॥
रेनराइ उड्डिग्ग। विरद सिंगार बाह बर ॥
सूर सूर संग्राम। समर सामंत अधिकारिय ॥
मिलत राज प्रथिराज। दिये आदर बर भारिय ॥
हम कज्ज लज्ज तुम सीस पर। एह बत्ति मन मत धरहु ॥
देवान गत्ति निम्मान मति। भज्जय बत्त चित्त न धरहुं ॥ छं० ॥ ६७ ॥

दूहा ॥ कहिय सूर राजन सुनहु । तिहि जीवन अप्रमान ॥
पति धर अरियन संग्रहै । तौइ न छंडै प्रान ॥ छं० ॥ ६८ ॥

पृथ्वीराज का सब सामंतों को समझा बुझा कर सांत्वना देना।

कवित्त ॥ इक वार सुग्रीव । थिया तारा नन रष्षिय ॥
इक वार पारथ्थ । चीर पंचत चष दिष्षिय ॥
इक वार श्रियपत्ति । ब्रमन अग्गौ धर छंड्डिय ॥
इक वार सुत पंड । भोमि छंड्डिय वन हिंडिय ॥
तुम सूर नूर सामंत बल । कलह कथ्थ भारथ करन ॥
सुरतान षान मोषन ग्रहन । महनरंभ बंछहु मरन ॥छं०॥६९॥
बोलि राज सामंत । कहिय तुम जुद्धनि अज्जर ॥
चंद्रसेन पुंडीर । राइ रामह बडगुज्जर ॥
बोलि कन्ह नर नाह । बोलि पहुआन अताइय ॥
अचल अटल हरसिंघ । बोलि बरनं बर भाइय ॥
पज्जूनराव बलिभद्र सम । जोहानौ आजांन बर ॥
सजि सेन ताम चल्लहि न्रपति । उदधि जानि हल्लिय गहर ॥
छं० ॥ ७० ॥

पृथ्वीराज का सामंतों के सहित हांसीपुर पर चढ़ाई करना।

कोलाहल कलकलिय । रत्त द्रिग बैयन रत्त किय ॥
कहिय सूर सामंत । तंत तीसान सद्द दिय ॥
राजन सो कुल जुद्ध । राव न सुनै अप कन्नह ॥
देस भंग कुलअंत । होइ नहिं देषत धन्नह ॥
प्रथिराज राज तामंक तपि । करि प्रयान हांसी दिसह ॥
नग नाग देव द्रिगपाल हलि । मनु भारथ पारथ रिसह ॥
छं० ॥ ७१ ॥

पृथ्वीराज के हांसीपुर पर चढ़ाई की तिथि।

दूहा ॥ तिथि पंचमि चहुआन चढ़ि । अति आतुर बर बीर ॥
बर प्रधान घावास बर । इह सह परिगह तीर ॥ छं० ॥ ७२ ॥

सुसज्जित सेना सहित पृथ्वीराज की चढ़ाई का आतंक वर्णन ।

पद्धरी ॥ सजि चल्यौ सेन प्रथिराज राज । मानहुँ कि राम कपि सीय काज ॥
सामंत नाथ कटि तोन धारि । मानो कि पथ्थ गौ ग्रहन बार ॥
छं० ॥ ७३ ॥

रगतैत नैंन भ्रकुटी कराल । मानो कि ईस चयनेच झाल ॥
बंकुरिय मुछ लगि भोंह आनि । मानो कि चंद बिय किरन बानि ॥
छं० ॥ ७४ ॥

चिहुफेर सूर बिच चाहुआन । मानो निषच परि परस मान ॥
सजि सिलह सूर अँग अंग थान । मानो कि मुकुर प्रतिब्यंब जानि ॥
छं० ॥ ७५ ॥

करि कैरी अग्ग रज रजत दंत । मानो कि जलद पँग बग्ग पंति ॥
उभभारि सुंड गज लेहि बोर । मानो कि व्यंब अहि मरुत मौर ॥
छं० ॥ ७६ ॥

मद झरहि पीट बरषंत दान । मानो कि धराहर धार जानि ॥
तिन मचत कीच हयकुलत लार । मानो कि भद्र कद्रव मझार ॥
छं० ॥ ७७ ॥

धर स्याम सेत रत्त पीतवंत । मानो कि अभ्भ पल्लव सुभंत ॥
चंमकंति अनिय दांमिनि समान । बाजंत वज्ज घनघोर बान ॥
छं० ॥ ७८ ॥

उच्चरहि छंद कवि मोर सोर । पप्पीह कीह सहनाय रोर ॥
ठनकंत घुंट्र सादुरनि नद्द । मानो कि भद्र दादुर सबद्द ॥
छं० ॥ ७९ ॥

दिसि विदिसि धुंध मंडियग भानि । तिभ्रंम इंद्र बिय इंद्र जानि ॥
बरषंत धार चढ़ि व्योम मंत । तिन उड़िय रेन बिच कीच मंत ॥
छं० ॥ ८० ॥

तिन कलहि पंथि पावै न ठौर। उप्पमा कौन जंपौस और ॥
कलमलिग्य नाग परि कमठ भार। हलहलिग दंति द्रिग मंत सार ॥
छं० ॥ ८१ ॥
रथ घरहि सूर अप अप्प मान। मानो हयग्ग कुलटा मिलान ॥
सिर लग्गि व्योम हय घरहि राज। मानो कि कपिय गिरि द्रोन काज॥
छं० ॥ ८२ ॥
पत्तौ जु राज हांसीति थान। सजि सूर सेन दीने निसान ॥
छं० ॥ ८३ ॥

रावल का चहुआन के पहिलेही हांसीपुर पहुंच जाना।

दूहा ॥ चव्यौ राज प्रथिराज बर। सुनि चित्रंगी भीर ॥
बर हांसी सामंत सह। बैठि घाल बर बीर ॥ छं० ॥ ८४ ॥
कवित्त ॥ इन अग्गै बर बीर। समर हांसीपुर पत्तौ ॥
रन रत्तौ रन सु। धम्म आधम्म विरत्तौ ॥
चतुरंगनि बर सज्जि। बीर चतुरंग सपत्तौ ॥
कूंच कूंच उप्पार। दीह जौ पंच सु जत्तौ ॥
सु बर राव रावल समर। अमर बंध जत अमर जत ॥
आवाज बढ़ी तब मीर बर। सेन संझ हांसी बिरत ॥छं०॥८५॥

समरसी जी के पहुंचतेही यवन सेना का उनसे भिड़ पड़ना।

दिसि पति पति पर्यौ। मेर लज्जि कित्ति सु धारी ॥
सबर सत्त जंपन सु। वीर कित्ति मम बर चारी ॥
ब्रह्म रूप जौति न सु। ब्रह्म औहुट्ठ सपन्नौ ॥
लघ्यौ रूप तत्तार। रंद भभ्भै वित मन्नौ ॥
लगि ऊक सूकरस पियन बर। छुधा क्रोध लगि बीर रस ॥
बर भिरन षान षुरसान दल। बैल समान षोलीति अस ॥
छं० ॥ ८६ ॥
डिट्ठ ढाल ढलकंत। समर चतुरंग रंग रन ॥
बंधि फवज्ज सुबीर। बीर उचरंत मंत मन ॥
हरवल षान ततार। करै करवलति षुरेसी ॥

तुंड समर लगि नहीं । आनि बंधी बलं गंसी ॥
मुष रक्क मेलि मारु महन । नाहर राव नरिंद तेन ॥
सांवंग समर दिसि दिसि पिनहः । सुभर जुद्ध मच्यौ गहन ॥
छं० ॥ ८७ ॥

समर सिंह जी की सिंपाहगीरी और फुरतीलापन का वर्णन ।

महन रंभ आरंभ । समर बंधीति समर बर ॥
अमर नाम बर अमर । मुंकि सामंत लष भर
पुर हांसी बर पत्त । पूर दच्छिन दच्छिन बर ॥
मिले सूर कर वर करूर । बंधीति सिरी सर ॥
बंधि सनाह विलगे समरं । करि भेरं घाइ अपुब्ब भर ॥
हक्कारि सूर पच्छिम परिय । वज्र मेर बज्जे सुभर ॥ छं० ॥ ८८ ॥
तमकि वीर चिचंग । बाज उप्पर बर नंषिय ॥
मनहु कंस सिर वज्र । चिल्ह उप्पर धर पंषिय ॥
सथ्थ सूर सामंत । हथ्थ किरमाम उभारिय ॥
मनहुं चंद विय व्योम । परिग रारिय चमरारिय ॥
घरि च्यारं धार धारक्क रिय । भरिय नरेनर चित्तरिय ॥
औसरिय सेन अध कोस क्रम । कलह केलि ऐसी करिय ॥
छं० ॥ ८९ ॥

यवन और गुज्जर सेना का युद्ध वर्णन ।

रसावला ॥ दोज सूर बद्द, उडीरेन जद्द । निसी जानि भद्द, वहै वान सद्द ॥
छं० ॥ ९० ॥
सुकै गज्ज सद्द, वहै धर्म जद्द । सुभै रथ्थ हद्द, नचै वीर बद्द ॥
छं० ॥ ९१ ॥
बजै षग्ग सद्द, घटा बज्जि भद्द । षमंजाल षद्द, प्रलै अग्गि नद्द ॥
छं० ॥ ९२ ॥

(१) को. सूर ।

चिमूखी अनङ्ग, बजै घाय दङ्ग । जनौं घट्ट बङ्ग, कहं जोग सङ्ग ॥
छं० ॥ ९३ ॥

मगी मुत्ति हई, घगं खेर घटं । उअं ताप उदं, कवीचंद चंदं ॥
छं० ॥ ९४ ॥

सुभै रथ्थ हथ्थं, ... । रसं रोस भानी, क्रमं सेन दानी ॥
छं० ॥ ९५ ॥

जकी जोग माया, चितं जोग पाया। ....; .... ॥ छं० ॥ ९६ ॥

समरसी जी की वीरता का बखान।

कवित्त ॥ ॥ कै छुट्टा मदमोष। सिंघ छुट्टा पल काजै ॥
कै तुट्टा बयवाज। बीच फोल्लिंग बिराजै ॥
कै रस संका छुट्टि। इधभि दौन छुट्टि विलुड्डा ॥
लज्ज रवन विषग्गंत। उभै रंकहु आलुड्डा ॥
बर सेन उररि निसुरत्ति षां। दइ दुवाह उप्पर परी ॥
चित्रंगराव रावर समर। सुबर जुद्ध एतौ करी ॥ छं० ॥ ९७ ॥

समरसी जी के भाई अमरसिंह का मरण।

मिल्लिग घाइ अघघाइ। समर धायौ जु समर वँध ॥
धार धार तन उघरि। गयौ सुर लोक रंभ कंध ॥
षठ सु पंच अरि ढाहि। पंच मिलि पंच प्रपत्त ॥
दइ दुवाह रन अमर। अमर औ बोलन जत्त ॥
हर हार कंठ आनंद मध। सुति मँग्राम दुभार बन ॥
दुष हथ्थ दरिद्री द्रव्य ज्यौं। रह्यो पिष्षि तं चिय नयन ॥
छं० ॥ ९८ ॥

युद्ध स्थल का चित्र वर्णन।

*मोतीदाम ॥ जु रुप्यौ रन रातल मंत्र अंगी। सु मनौं ससि मंडल भू अधनी॥

---

